कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री एच0एस0गुर्जर, निवासी काबलेश्वर जिला दौसा–303507

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

अपील संख्या 47/2025

निर्णय दिनांक 16.06.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक:डीएम कोर्ट/2025/1414 दिनांक 3.6.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा के द्वारा पत्र क्रमांक:आर.टी.आई./2025/449 दिनांक 6.6.2025 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए प्रति अपीलांट को प्रेषित की गई हैं। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 11:46:11 IST
Reason: SelfAttested